प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 15.12.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उनतीस दिसम्बर को झारखंड के दौरे पर, एनआईटी जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह समेत कई कार्यक्रमों में होंगी शामिल, तैयारियां तेज।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात, समस्याओं से कराया अवगत, त्वरित निष्पादन का निर्देश।
- राज्य के विभिन्न जिलों में धान खरीदारी की प्रक्रिया शुरू, अन्नदाताओं के चेहरे खिले, सरकार का किसान कल्याण पर फोकस।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रिम्स की जमीन पर अतिक्रमण कर बने भवन पर हुई कार्रवाई पर उठाया सवाल, दोषी अधिकारियों को निलंबित करने की मांग, प्रशासन ने भवन पर आज भी की कार्रवाई।
- और
- भारतीय टीम ने भारत–नेपाल दिव्यांगजन चैंपियनशिप पर जमाया कब्जा, नेपाल पर 3–0 से किया क्लीन स्वीप।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उनतीस दिसंबर को पूर्वी सिंहभूम दौरा प्रस्तावित है। वे करनडीह स्थित दिशोम जाहेर परिसर में ओलचिकी लिपि के एक सौ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित सेमिनार के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। इसके अलावा राष्ट्रपति आदित्यपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, एनआईटी जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सरायकेला–खरसावां के उपायुक्त ने तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिया।

***************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज रांची स्थित आवासीय कार्यालय में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आये आमजनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री को लोगों ने विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और समाधान का आग्रह किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। मौके पर श्री सोरेन से पार्टी कार्यकर्ताओं ने संवाद कर राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की।

***************

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने आज नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पदभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा तथा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत पार्टी के कई वरीय पदाधिकारी तथा कई केन्द्रीय मंत्री मौजूद थे। रांची में जन्में श्री नबीन का इससे पहले दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

***************

झारखंड उच्च न्यायालय ने सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ देवघर जिले के मोहनपुर में थाने में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त कर दिया है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने श्री दुबे को राहत देते कहा कि पुलिस ने अपनी भूमिका सही ढंग से नहीं निभायी और प्रार्थी को जानबूझकर फंसाया गया है।

***************

राज्य में इस बार मॉनसून की मेहरबानी से धान का बम्पर उत्पादन हुआ है। सरकार की ओर से राज्य के सात सौ तिरासी केन्द्रों के माध्यम से आज से किसानों से धान खरीदारी की जा रही है। रांची के नगड़ी प्रखंड में धान क्रय केंद्र की शुरुआत करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत ने बताया कि किसानों को बिचौलियों से मुक्ति मिलेगी और उन्हें धान की अधिकतम समर्थन मूल्य मिलेगी।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने बोनस सहित धान का एमएसपी चौबीस सौ पचास रूपये प्रतिक्विंटल तय किया है।

***************

चतरा जिले में भी धान खरीदारी के लिए कुल तैंतीस केंद्रों का चयन किया गया है, जिनमें अट्ठाइस पैक्स और पांच एफपीओ शामिल हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता——

****************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रिम्स की जमीन पर अतिक्रमण कर बनाये गये चार मंजिले भवन पर हुई प्रशासनिक कार्रवाई पर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री मरांडी ने कहा कि इस भवन के बिल्डर संबंधित पदाधिकारियों तत्काल निलंबित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उस भवन में रहने वाले लोगों के लिए राज्य सरकार अविलंब वैकल्पिक आवास की व्यवस्था करे।

इधर हाईकोर्ट के निर्देश पर रिम्स की अधिग्रहीत जमीन और भवन पर आज भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

****************

भारतीय प्रबंधन संस्थान, आईआईएम रांची परिसर में आज से झारखंड का पहला जेन जी पोस्ट ऑफिस ने काम करना शुरू कर दिया है। इस पोस्ट ऑफिस का उदघाटन झारखंड परिमंडल डाक सेवायें के निदेशक रामविलास चौधरी और आईआईएम रांची के निदेशक प्रोफ़ेसर दीपक कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर श्री चौधरी ने कहा कि इस कैंपस में पोस्ट ऑफिस खुल जाने से लोगों को वित्तीय सेवाओं के साथ पासपोर्ट और आधार बनाने अपडेट करने की भी सुविधा मिलेगी।

आईआईएम परिसर में पोस्ट ऑफिस खुलने से वहां के विद्यार्थी काफी उत्साहित हैं। उधर आदित्यपुर स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जमशेदपुर के परिसर में जेन—जी डाकघर का भव्य उद्घाटन किया गया।

****************

रांची में खेले गये दिव्यांगजन क्रिकेट प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने नेपाल के खिलाफ 3—0 से क्लीन स्वीप कर चैंपियनशिप स्पिरिट का खिताब जीत लिया है। नेपाल की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 132 रन बनाए, जबकि जवाब में भारतीय टीम ने 17 ओवर दो गेंद पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

*******समाप्त********